# प्रभारी मंत्री राधा सिंह ने किया पुष्प बाजार का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सतना / मैहर 01 फ़रवरी, मध्यप्रदेश शासन की पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने रविवार को किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में पुष्प उत्पादक किसानों के लिए पुष्प बाजार का शुभारंभ किया।**



प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह बाजार मैहर मंदिर परिसर में मंदिर समिति के सहयोग से तैयार किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय पुष्प उत्पादकों को उनकी उपज के लिए एक सशक्त और आसान विपणन मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि अब मैहर, उचेहरा और आस-पास के क्षेत्रों के किसानों को अपने फूल बेचने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, बल्कि उन्हें मंदिर के पास ही एक व्यवस्थित स्थानीय बाजार मिल गया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस पहल से पुष्प खेती से जुड़े कृषकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और उन्हें बिचौलियों से मुक्ति मिलेगी। यह कदम जिले में बागवानी और फूलों की खेती को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री ने संत रविदास मंदिर में टेका माथा



मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने रविवार को मैहर प्रवास के दौरान पर्यटक सूचना केंद्र पहुंचकर केंद्रीय बजट 2026 के सजीव प्रसारण को देखा और सुना। बजट कार्यक्रम के उपरांत संत रविदास जयंती के पावन अवसर पर प्रभारी मंत्री देवी जी रोड स्थित संत रविदास मंदिर पहुंचीं। उन्होंने वहां संत शिरोमणि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सीमांकन, बंटवारे के नाम पर रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार

## रीवा लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 फरवरी। जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ रीवा लोकायुक्त की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चुरकी हल्का के पटवारी अमरीश सिंह बैस को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पटवारी पर सीमांकन और बंटवारे के काम के बदले शिकायतकर्ता से कुल 30 हजार रूपये की अवैध मांग करने का आरोप है।**



लोकायुक्त पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता महेंद्र प्रसाद यादव पिता रामजनम यादव निवासी चुरकी ने रीवा लोकायुक्त कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि चुरकी हल्का का पटवारी अमरीश सिंह वैश्य पिता रामशिरोमणि बैस उम्र 40 वर्ष निवासी आजादपूर उसके भूमि संबंधी सीमांकन और बंटवारे के कार्य को करने के लिए 30 हजार की रिश्वत मांग रहा है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए लोकायुक्त टीम ने पहले मामले का सत्यापन कराया, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। सत्यापन के बाद लोकायुक्त निरीक्षक संदीप भदौरिया के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। तय योजना के अनुसार शिकायतकर्ता से 10 हजार की पहली किश्त लेते ही मोरवा थाना क्षेत्र के प्रताप ट्रांसपोर्ट कंपनी के सामने सिंगरौली से अनपरा मार्ग में पटवारी को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। रिश्वत की राशि आरोपी के पास से बरामद कर ली गई है।

### भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत हुई कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान लोकायुक्त टीम ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और आरोपी पटवारी को हिरासत में ले लिया। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है। लोकायुक्त की इस कार्रवाई को प्रशासनिक महकमें में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा संदेश माना जा रहा है।

# शहर के कई हिस्से में बंद रहेगी पेयजल सप्लाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 फरवरी, नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत जलप्रदाय से संबंधित कुठुलिया प्लांट की फीडर लाइन में दो स्थानों पर लीकेज सुधार कार्य दिनांक 2 फरवरी को किया जाएगा.**

कल सुबह पेयजल सप्लाई के बाद सुधार कार्य के लिए कुठुलिया प्लांट को बंद किया जाएगा एवं शाम को कुठुलिया प्लांट से भरी जाने वाली टंकियॉ जिनमें कुठुलिया, पीटीएस, समान, रतहरा, नेहरूनगर, हॉस्पिटल, कोठी, पडरा, ट्रांसपोर्ट नगर, पद्मधर कॉलोनी, दीनदयाल, विंध्यबिहार, शान्ति बिहार आदि टंकियों से जलप्रदाय प्रभावित रहेगा. कार्य की प्रगति के आधार पर प्लांट चालू करने हेतु संबंधित अग्रिम सूचना कल दी जाएगी. इन टंकियों से मीठा जल प्राप्त करने वाले नगरवासियों से नगर निगम द्वारा अपील की गई कि इस दौरान जल संचित रखें, लीकेज सुधार कार्य पूर्ण होने के पश्चात जल प्रदाय किया जा सकेगा.

### कलेक्टर आज करेगी टीएल पत्रों की समीक्षा

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 2 फरवरी को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेगी. बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. बैठक में धरती आबा कार्यक्रम के साथ ही खाद वितरण, ई-आफिस व्यवस्था तथा समय सीमा के पत्रों की भी समीक्षा की जायेगी. सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं.

# रामपुर विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ देखा बजट

नवभारत न्यूज

**सतना 1 फरवरी, रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मौहारी कटरा में भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट को रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया जी ने भाजपा मंडल पदाधिकारियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से सुना।**



इस अवसर पर भारत सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा संसद में प्रस्तुत बजट भाषण का सीधा प्रसारण सुना गया। बजट में विकसित भारत के संकल्प को केंद्र में रखते हुए गरीब, किसान, युवा और नारी सशक्तिकरण पर विशेष फोकस किया गया है। बजट श्रवण कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी , भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा , जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा पुष्पराज कुशवाहा , जनपद सदस्य प्रजेश दुबेदी , रमेश पाण्डेय , रामनिहोर साकेत , सरपंच शैलेंद्र सिंह , बद्री दहायत , सम्राट सिंह ,रामनरेश दुबेदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## ग्राम पोड़ी द्वितीय में चार दिनों से अंधेरा

**चितरंगी 1 फरवरी।** विकासखंड चितरंगी अंतर्गत ग्राम पोड़ी द्वितीय में बीते चार दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी हुई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में अंधेरा छाए रहने के कारण लोगों ने रातें अंधेरे में बिताने को मजबूर हैं। ग्राम पोड़ी द्वितीय में लगभग चार लाख रुपये का विद्युत बिल बकाया होने के कारण बिजली विभाग द्वारा गांव के ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति काट दी गई है।

# शॉटपुट गेम्स में आदित्य ने प्रदेश में हासिल किया तीसरा स्थान

- विधायक रामनिवास शाह सहित भाजपा नेताओं ने आवास पहुंचकर किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 फरवरी। तीन दिवसीय खेलो एमपी युथ गेम्स के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिंगरौली जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए वीर आदित्य दुबे ने शॉट पुट स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।**



इस उल्लेखनीय उपलब्धि से जिले में खेल प्रेमियों और युवाओं में उत्साह का माहौल है। वीर आदित्य दुबे, भाजपा के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विनोद दुबे के पुत्र हैं। उनकी इस सफलता पर सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह स्वयं उनके आवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि वीर आदित्य की यह उपलब्धि सिंगरौली के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह सिद्ध करती है कि प्रतिभा और परिश्रम के बल पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेश शाह, गिरिजा पांडेय, अरविंद दुबे, ननि नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड 40 की पार्षद सीमा जायसवाल तथा विंध्यनगर मंडल अध्यक्ष नीरज पांडेय भी मौजूद रहे।

सभी नेताओं ने वीर आदित्य दुबे को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी और उनके निरंतर अभ्यास एवं अनुशासन की सराहना की। परिजनों एवं समर्थकों ने इस सम्मान को वीर आदित्य के कठिन परिश्रम और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम बताया। सभी ने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में वह राष्ट्रीय स्तर पर भी सिंगरौली और म.प्र. का नाम रोशन करेंगे।

### संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास महाराज के जन्मोत्सव पर भंडारा

**सिंगरौली 1 फरवरी ।** जयंत स्थित यज्ञशाला प्रांगण में परमपूज्य संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास महाराज के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर भंडारा का प्रसाद कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण में सहभागिता कर संत रविदास महाराज के चरणों में नमन किया।


INDIA'S LARGEST CONTAINER PORT | जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (पत्तन योजना एवं विकास विभाग) | DEVELOPED INDIA MISSION

**लघु ई-निविदा सूचना**

**निविदा क्रमांक: पीपीडी/डिजीएम-I/डिसमॅन्टलिंग बिल्डिंग्स/टी-55(आर)/2026 दिनांक: 30.01.2026**

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण द्वारा "जेएनपी टाउनशिप के सेक्टर–I के ए-43 से ए-65 तथा सेक्टर–III के ए-13 से ए-20 (कुल 31 भवनों) के भवनों का ध्वस्तीकरण करना, भवन स्क्रैप एवं निर्माण सामग्री को हटाकर ले जाना।" इस कार्य के लिए प्रतिशत दर आधार पर **"ऑन-लाइन"** निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

इस कार्य के लिए न्यूनतम **आरक्षित मूल्य रुपये 2,16,90,000.00** निर्धारित किया गया है। निविदा बिक्री की अवधि 02.02.2026 से 28.02.2026 तक रहेगी। इस निविदा दस्तावेज में निर्धारित **"न्यूनतम अर्हता मानदंड"** को पूर्ण करने वाले अनुभवी ठेकेदारों को अपनी निविदाएँ दो कवर प्रणाली में ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होंगी। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा दस्तावेज जेएनपीए की वेबसाइट "www.jnport.gov.in" अथवा "https://eprocure.gov.in" पर उपलब्ध हैं।

**मुख्य महाप्रबंधक**
**(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)**






एक्स-शोरूम कीमत ₹72700~ से शुरू | ब्याज दर 6.99%^ से शुरू | ई.एम.आई. ₹1999/-^ से शुरू | डाउन पेमेंट ₹8999/-^ से शुरू | 0 प्रोसेसिंग फीस, एडवांस ई.एम.आई., डॉक्यूमेंटेशन चार्ज

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक | HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड | Powered by pine labs | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply | Hero GoodLife

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. ~Ex-Showroom Price of Destini110 in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99